PMGSY कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड़, लोक निर्माण विभाग, चम्पावत।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, IRRIGATION.DIVISION (P.W.D.), CHAMPAWAT

Phone – fax 05965-230148 E-Mail; eepmgsychampawat@rediffmail.com

पत्रांक 457 /03 Pmgsy दिनाँक 24/05/2016

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।

विषय :– चमदेवल से निडिल मोटर मार्ग का निर्माण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– प्रस्ताव संख्या – FP/UK/ROAD/10142/2015 ) दिनांक 07.04.2016

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत चमदेवल से निडिल मोटर मार्ग निर्माण हेतु सर्वेक्षण/डी0पी0आर0 गठन मद में 8.00 कि0मी0 लम्बाई हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है, मार्ग के Alignment सर्वेक्षण/विस्तृत सर्वेक्षण कार्य में निम्नानुसार स्थिति प्राप्त होने पर मार्ग के समरेखण में प्रभावित वनभूमि हस्तान्तरण के प्रस्ताव गठित किए गये है।

- निडिल ग्राम प्रस्तावित मार्ग के कि0मी0 5.00 से संयोजन होता है लेकिन निडिल ग्राम से आगे दो बसावट कमशः खाईकोट मल्ला एंव खाईकोट तल्ला जिनकी आबादी कमशः 208 व 304 है, वर्तमान में वास्तविक आधार पर असंयोजित है, पूर्व में इन ग्रामों को लोहाघाट – पंचेश्वर मोटर मार्ग से संयोजित दर्शाया गया है, लोहाघाट – पंचेश्वर मार्ग से मात्र उक्त ग्रामों की सीमा ही छूती है आबादी काफी दूरी में है, धरातल में वास्तविक रूप से उक्त ग्राम सम्पर्क मार्ग से संयोजन न होने पर खाईकोट मल्ला एंव खाईकोट तल्ला का समरेखण अनुमोदित है एंव खाईकोट अन्तिम बिन्दु लेकर मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण के प्रस्ताव ऑन लाइन किए गये है।
- चूँकि खाईकोट तल्ला की आबादी 250+ के अन्तर्गत है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मानकों के अनुसार ऐसे असंयोजित बसावटों को प्राथमिकता के आधार पर संयोजकता प्रदान की जानी है।
- उक्त बसावटों को संयोजन हेतु चमदेवल से निडिल मार्ग से ही संयोजकता सम्भव है, भविष्य में इन ग्रामों हेतु सम्पर्क मार्ग का निर्माण पृथक से प्रस्तावित किया जाना होगा, वर्तमान में निडिल तक ही मार्ग निर्माण की कार्यवाही की जाएगी तो ये बसावटें असंयोजित रह जायेंगी, भविष्य में मार्ग निर्माण की पृथक से कार्यवाही न करने के उद्देश्य से खाईकोट ग्राम तक सक्षम स्तर से समरेखण अनुमोदित कराया गया है।
- तल्ला एंव मल्ला खाईकोट के ग्राम वासियों एंव अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मात्र निडिल तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण में आपत्ति प्रदर्शित की गई है, क्षेत्रीय जनता एंव जनप्रतिनिधियों द्वारा चमदेवल से निडिल मार्ग के निर्माण से तल्ला – मल्ला खाईकोट को भी लाभान्वित करने का आग्रह किया गया है।
- चमदेवल से निडिल मोटर मार्ग हेतु वर्तमान में मात्र सर्वेक्षण/डी0पी0आर0/वनभूमि एंव नापभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव हेतु Administrative स्वीकृति प्राप्त है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित ऐसे मार्गों के निर्माण में यदि 250+ की कोई आबादी संयोजित हो सकती है तो मार्ग निर्माण हेतु सम्मलित किए जाने का प्राविधान है, वास्तविक रूप से धरातल में उक्त बसावटों को वर्तमान तक मार्गीय सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है, तदनुसार End Point खाईकोट मल्ला एंव खाईकोट तल्ला हेतु मार्ग निर्माण की डी0पी0आर0 गठित की गयी है जिसकी प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति डी0पी0आर0 स्वीकृति में ही प्राप्त होगी।

अतः जनहित एंव कार्यहित में उक्तानुसार वनभूमि हस्तान्तरण के प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

भवदीय

(हस्ताक्षर)

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड,(लो0नि0वि0)चम्पावत

सेवा मे श्रीमान अधिशासी अभियन्ता महोदय
P.M.G.S.Y — चम्पावत

विषय- चमदेवल से निडिल मोटर मार्ग को मल्ला व तल्ला खाईकोट से खेतीगाड पन्चेश्वर मोटर मार्ग मे मिलाने हेतु-

महोदय. निवेदन है की P.M.G.S.Y. के तहत चमदेवल निडिल से मल्ला व तल्ला खाईकोट से खेतीगाड पन्चेश्वर मोटर मार्ग तक सर्वे हो चुका है. जब की अभी की मोटर मार्ग निडिल तक ही मात्र है. इस मोटर मार्ग को चमदेवल निडिल से मल्ला व तल्ला खाईकोट से खेतीगाड पन्चेश्वर मोटर मार्ग से मिलाया जाय

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है की क्षेत्र की जनता के हित को देखते हुये P.M.G.S.Y. से मल्ला व तल्ला खाईकोट से खेतीगाड पंचेश्वर तक अधिकृत करने की कृपा करे.

(हस्ताक्षर)
(किशन राम)
प्रधान
ग्राम पंचायत मल्ला खाईकोट
वि०ख० लोहाघाट (चम्पावत)

(हस्ताक्षर)
सदस्य
क्षेत्र पंचायत बिबिल-2
वि०ख०-लोहाघाट (चम्पावत)

(हस्ताक्षर) सिंह
सरपंच
वन पंचायत मल्ला खाइकोट
वि०ख०- लोहाघाट (चम्पावत)

1. चन्द्र सिंह
2. लाला सिंह
3. खुशाल सिंह
4. गोवर्धन सिंह
5. दे० सिंह
6. जगत सिंह
7. प्रह्लाद सिंह
8. दिवाकर सिंह
9. धर्म सिंह
10. गोपाल सिंह
11. किशन सिंह
12. नारायण राम
13. मदन राम
14. जय राम
16. भीम सिंह
17. राम सिंह
18. खुशाल सिंह
19. रवीन्द्र सिंह
20. हेम सिंह
21. कुन्दन सिंह